दिन– शुक्रवार दिनांक– 24/01/2025

प्रसार भारती

(भारत का लोक सेवा प्रसारक)

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर एक सच्चे राजनेता और दूरदर्शी राजनीतिज्ञ थे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने कई सुधारात्मक कदम उठाए, जिससे बिहार सामाजिक जागरूकता के नये युग में प्रवेश कर गया। समस्तीपुर के कर्पूरी ग्राम में आज भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की एक सौ एकवीं जयंती समारोह को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने यह बात कही। उपराष्ट्रपति ने कर्पूरी ठाकुर को स्वच्छ और सरल राजनीति के प्रचारक के रूप में श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्हें जननायक के रूप में याद किया जाता है। समारोह में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा कि उनका जीवन और आदर्श देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा। इधर, पटना स्थित विधान मंडल परिसर में आयोजित राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा के साथ अन्य गणमान्य लोगों ने भी कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद देशरत्न मार्ग स्थित जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और अन्य गणमान्य लोगों ने जननायक को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

————————————————————————

आज राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन बालिकाओं के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर समाज का ध्यान आकर्षित करने के उद्देश्य से

मनाया जाता है। इसका उद्देश्य प्रत्येक बालिका के सम्मान उन्हें आगे बढ़ने और पढ़ने के समान अधिकार उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित करना भी है। महिला और बाल विकास मंत्रालय की ओर से पहली बार दो हजार आठ में राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुरूआत की गई थी। इस दिन का उद्देश्य बाल विवाह, भ्रूण हत्या और लैंगिक असमानता जैसे गंभीर मुद्दों की ओर समाज का ध्यान आकर्षित करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय बालिका दिवस पर शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि बालिकाओं के साथ कोई भेदभाव न हो। श्री मोदी ने बालिकाओं को सशक्त बनाने और उनके लिए व्यापक अवसर प्रदान करने की सरकार की प्रतिबद्धता भी दोहराई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बालिका दिवस की शुभकामना देते हुए कहा कि बेटियों के स्वाभिमान और सशक्तिकरण के लिए उनकी सरकार लगातार कदम उठा रही है।

———————————————————————

पटना के मोकामा स्थित के पंचमहला थाना क्षेत्र के स्थित नौरंगा जलालपुर गांव में हुई गोलीबारी के मामले में पूर्व विधायक अनंत कुमार सिंह को बेउर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने अनंत सिंह पर आर्म्स एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया था। पूर्व विधायक के बाढ़ कोर्ट में आत्मसमर्पण के बाद अदालत ने उन्हें चौदह दिनों की न्यायिक हिरासत में बेउर जेल भेल दिया है। इधर, पुलिस ने गोलीबारी मामले में जलालपुर निवासी कुख्यात सोनू और डुमरा निवासी रौशनी सिंह को भी गिरफ्तार किया है। पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए कहा कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

———————————————————————

राज्य में उत्तर–पछुआ हवा के चलने से ठंड में बढ़ोतरी जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सहरसा के अगवानपुर में सबसे कम न्यूनतम तापमान नौ दशमलव एक डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, पन्द्रह से अधिक जिलों में न्यूनतम तापमान बारह डिग्री सेल्सियस से कम दर्ज किया गया। विभाग ने कल प्रदेश के मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, नवादा और लखीसराय जिले के कुछ स्थानों पर घना कोहरा छाने की संभावना जताई है।

———————————————————————

समाप्त